भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या †*223

उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

गुजरात में स्टेडियमों की स्थिति

***223. श्री हरीभाई पटेल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गुजरात में विशेषकर उत्तरी गुजरात में कुल कितने आउटडोर और इंडोर खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या सरकार का विचार मेहसाणा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तरी गुजरात में नए आउटडोर और इंडोर खेल स्टेडियमों का निर्माण करने का है; और

(ग) यदि हां, तो ऐसा कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

गुजरात में स्टेडियमों की स्थिति के संबंध में लोक सभा के माननीय सदस्य श्री हरीभाई पटेल द्वारा दिनांक 09.03.2026 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. †*223 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) से (ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास, जिसमें आउटडोर और इनडोर खेल स्टेडियमों का निर्माण शामिल है, की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, इस मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-आधारित स्कीमे हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत उपलब्ध निधियों के अधीन विचार किया जाता है।

खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के अंतर्गत गुजरात राज्य सहित देशभर में, स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia. gov.in तथा http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****